PROSPECTUS
2021 - 22

पतंजलि विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF PATANJALI

उत्तरांचल राज्य विधानसभा अधिनियम 4/2006 द्वारा स्थापित

Established through Act 4/2006 of Uttaranchal State Legislature

आओ- **वैदिक युग** को वापस लायें...

Let us bring back Vedic Era...

7वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से योगान्मुख भारत से योगान्मुख विश्व की परिकल्पना को चरितार्थ करते योगऋषि पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज व आयुर्वेद शिरोमणि श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज

INAUGURATION OF CORONIL TABLET

पतंजलि की कोरोनिल टेबलेट का लोकार्पण माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन एवं माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं जहाजरानी मंत्री श्री नितिन गडकरी जी की उपस्थिति में

PATANJALI IN THE SERVICE OF MANKIND

वैश्विक महामारी कोरोना में जन-जन तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुँचाने हेतु राज्य सरकार के सहयोग से
बेस हॉस्पिटल, हरिद्वार का संचालन पतंजलि द्वारा किया गया
उद्घाटन कार्यक्रम में पूज्य स्वामी जी महाराज व श्रद्धेय आचार्य जी महाराज के साथ
माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड श्री तीरथ सिंह रावत, शहरी विकास मंत्री श्री बंशीधर भगत तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन कौशिक

KUMBH 2021

भारतीय परम्परा के महापर्व 'कुम्भ' में बड़ा पंचायती अखाड़े की पेशवाई में कार्ष्णी पीठाधीश्वर गुरु शरणानंद जी महाराज के साथ
पूज्य स्वामी जी महाराज व श्रद्धेय आचार्य जी महाराज

DIGNITARIES
VISIT TO PATANJALI INSTITUTES

यज्ञ में प्रतिभाग करते विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सदस्यगण

पूज्य स्वामी प्रेमविवेकानन्द जी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सदस्यगणों का पूज्य स्वामी जी महाराज एवं पूज्य आचार्य जी महाराज द्वारा हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन

विख्यात संत पूज्य मोरारी बापू का पूज्य स्वामी जी महाराज एवं पूज्य आचार्य जी महाराज द्वारा हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन

विश्वविद्यालय परिवार की ओर से नेपाल नरेश का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन करते पूज्य स्वामी जी एवं पूज्य आचार्य जी

उत्तराखण्ड के नवनियुक्त मुख्यमंत्री माननीय श्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत व अभिनंदन करते ऋषिद्वैय

एम्बेसडर अखिलेश मिश्रा, सचिव (विदेश मंत्रालय) का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन करते पूज्य आचार्य जी महाराज

PROSPECTUS
2021-22

FOR

UNDERGRADUATE AND POSTGRADUATE PROGRAMMES

UNIVERSITY OF PATANJALI,
PATANJALI YOGPEETH-1,
HARIDWAR- 249405 (UTTARAKHAND) INDIA

(Established through Act 4/2006 of Uttaranchal State Legislature)
www.universityofpatanjali.com

कुलगीत



जयति जय जय हे, योग विद्या संस्थान
पुरा संस्कृति और नव युग का प्रतिष्ठान।
जयति .....

आत्मगौरव राष्ट्रनिष्ठा, विश्वभर में प्रतिष्ठा
ऋषि पतंजलि योग, शिक्षा का यह धाम।
जयति .....

चरक सुश्रुत धन्वन्तरि की साधना का सार लेकर
विश्व-मंगल कामना का करता यह आह्वान।
जयति .....

सर्वे भवन्तु सुखिनः जनमानस का है भान
जड़ी-बूटी, वनौषधि से हो पूर्ण यह अभियान।
जयति .....

योग, आयुर्वेद, विज्ञान शोध और अनुसंधान
शाश्वत संस्कृति, मनोहर दृढ़ संकल्प का वरदान।
जयति .....

सुप्त जग को जागृत करता इसका अनुपम गान
युग चेतना, नव क्रान्ति, ये योगपीठ महान्।
जयति .....

गांव, किसान, जवान स्वदेशी का अभियान।
जन-जन को आन्दोलित करता भारत स्वाभिमान।
जयति .....

Vision

To play a leading role in giving new and higher dimensions to the philosophy and practice of Yoga, Ayurveda and Indian culture within the country and across the globe; to endeavour that the knowledge contained in the above fields in Indian and other traditions, along with that of medicinal plants and herbs, be incorporated and accorded their rightful place in the higher education system; to prepare global citizens by bringing together the Vedic knowledge and the modern sciences, who would be equipped with diverse skills, in tune with international standards, and be inspired by sattvic (righteous & ethical) karma (conduct & practices) and spiritual intuition, and also who would, imbued with the spirit of karma yoga, make incessant all-out effort to achieve their goals and be endowed with a balanced, integral and scientific outlook.

Mission

- To bring about divine combination of Yoga and Ayurveda for use by the world in 21st century.
- To carry forward the knowledge of Yoga and Ayurveda to the door step of every town, village and to contribute to the creation of healthy, prosperous and spiritual person, society, nation and world.
- Achieving excellence in Vedic and modern knowledge, science and research in the field of Yoga, Ayurveda and other traditional medicinal systems and Indian culture.
- Empowering students to achieve their professional goals in the context of Vedic knowledge and Modern science.
- Diverse dimensions of education – distance education system, strengthening educational relations by providing self-employment, vocational and self-reliance based education.
- To bring harmonious functioning in heritage, culture and environment for improving quality of life.
- Learning the related highest human values.

प्रवेश प्रक्रिया एवं महत्त्वपूर्ण तिथियां

आवेदन-पत्र ऑनलाइन या विश्वविद्यालय कार्यालय पटल से प्राप्त एवं जमा करने की तिथियाँ निम्नलिखित हैं:

1.	आवेदन-पत्र प्राप्त करने की तिथि	-	26 जुलाई से 16 अगस्त 2021 तक
2.	आवेदन-पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि	-	20 अगस्त 2021 तक
3.	विलम्ब शुल्क 100/- रुपये सहित आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि	-	25 अगस्त 2021
4.	विभिन्न पाठ्यक्रमों में सफल अभ्यर्थियों की सूची (प्रतीक्षा सूची सहित)	-	06 सितम्बर 2021
5.	प्रवेश हेतु चिकित्सकीय परीक्षण एवं शुल्क सहित समस्त वांछित आलेख (प्रमाण-पत्र एवं शपथ पत्र) जमा करने की तिथि	-	15 सितम्बर से 20 सितम्बर 2021
6.	सत्र प्रारम्भ (2021-22)	-	1 अक्टूबर 2021

महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ :-

1. आवेदन पत्र सहित विवरणिका पतंजलि विश्वविद्यालय के कार्यालय से रुपये 1000/- का भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। डाक द्वारा विवरणिका व आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए रुपये 1050/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट (जो कि 'पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार' के नाम पर देय होगा) का भुगतान कर सकते हैं।
2. पूर्ण रूप से भरे हुये आवेदन-पत्र के साथ सभी आवश्यक स्व-सत्यापित प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति तथा अपना पता लिखे हुए 10"X12" (A4 साईज) एवं 10"X4.5" आकार के लिफाफे संलग्न कर रजिस्टर्ड डाक द्वारा ''प्रवेश विभाग, कुलसचिव कार्यालय, पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार-249405, उत्तराखण्ड (मो0 नं0: 9760095219, 9520984211, 9520984212, फोन नं0- 01334-273600) पर प्रेषित करें।
3. वेबसाइट- www.universityofpatanjali.com के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन-पत्र, रुपये 1,000/- भुगतान कर जमा कर सकते हैं।

प्रवेश प्रक्रिया

1. देश-विदेश से जो छात्र/छात्राएँ पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक हैं, वे अपना ऑन-लाइन आवेदन यथाशीघ्र कर लें।
2. जिन छात्र/छात्राओं की परीक्षा हो चुकी है/ चल रही है अथवा निकट भविष्य में होने वाली है वे छात्र/छात्राएँ भी अपना ऑन-लाइन आवेदन कर सकते हैं।
3. भयानक वैश्विक महामारी को देखते हुए तथा यातायात की असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया पात्रता परीक्षा की योग्यता (मैरिट) के आधार पर सम्पन्न होगी। सफल अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय वेबसाइट द्वारा सूचित किया जायेगा।

Admission Process and Important Dates

Dates for receipt & submission of application forms through online or University office are as below:

1.	Date for issue of Application Form	-	26 July to 16 August 2021
2.	Last date for submission of duly filled Application Forms	-	20 August 2021
3.	Last date for submission of duly filled Application Form with Late Fee (Rs. 100/-)	-	25 August 2021
4.	List of students admitted in various Courses with Waiting List	-	06 September 2021
5.	Submission of required documents (Certificates & Affidavits) with medical examination & fees	-	15 September to 20 September 2021
6.	Commencement of the Session (2021-22)	-	01 October 2021

Important Information:

1. Prospectus with application form can be obtained by paying Rs. 1000/- from the office at University of Patanjali. To obtain prospectus with application form by post, please send Bank Draft of Rs. 1050/- in favour of "University of Patanjali" payable at Haridwar.
2. Filled in application form along self attested photo copies of all the required documents with self-addressed envelope of $10^2 \times 12^2$ (A4 size) and $10^2 \times 4.5^2$ to be sent through Registered post to the address- **Admission Section, Registrar Office, University of Patanjali, Patanjali Yogpeeth, Haridwar-249405, Uttarakhand (Mob. 9760095219, 9520984211, 9520984212, Ph.- 01334-273600).**
3. Candidate can apply online through online payment of Rs. 1,000/- by accessing **www.universityofpatanjali.com.**

Admission Process:

1. Interested national & foreign students are advised for prompt application to take admission in dignified courses of the University of Patanjali.
2. Students appeared/ appearing/ to be appeared in their qualifying exam can apply.
3. Due to ongoing pandemic and transportation hardship, the selection of the students in this academic year will be on the merit of qualifying exams. Successful qualified candidates will be informed through university website for any further required information

प्रवेश हेतु महत्त्वपूर्ण निर्देश एवं नियम

1. विवरणिका 'वर्ष 2021-22' को पतंजलि विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.universityofpatanjali.com) से 'डाउनलोड' किया जा सकता है।
2. प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि का पालन करें।
3. अभ्यर्थी इस विवरण पत्रिका में दिये गये निर्देश सावधानी पूर्वक पढ़ें। आवेदन-पत्र सब प्रकार से पूर्ण होना चाहिए। निर्धारित तिथि तक पूर्ण व उचित दस्तावेजों/आलेखों की जिम्मेदारी आवेदनकर्त्ता की है, दस्तावेजों/आलेखों को जमा न करने पर आवेदक प्रवेश के लिए अयोग्य माना जायेगा। अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन-पत्र स्वीकृत नहीं होंगे।
4. जिन अभ्यार्थियों की अर्हता योग्यता परीक्षा का परिणाम प्रायोगिक रूप से विवरणिका में निर्देशित तिथि तक घोषित नहीं किया जाता है वे सबंधित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विद्यालय के कुलसचिव/परीक्षा नियन्त्रक/प्रधानाचार्य से हस्ताक्षरित उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र अथवा सामान्य पेपर पर उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र कार्यालय की सील सहित देय तिथि तक जमा करवायें।
5. यदि कोई अभ्यर्थी अपने आवेदन-पत्र में गलत सूचना देता है तो उसका आवेदन-पत्र स्वीकृत नही किया जायेगा और यदि कोई अभ्यर्थी गलत सूचना के आधार पर प्रवेश पा जाता है तो पता लगने पर उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. कोई भी अभ्यर्थी जो अपने पूर्व अध्ययन काल में छात्र के रूप में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता अथवा परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए संस्थान से दंडित हुआ है तो वह प्रवेश के योग्य नहीं होगा। यदि कोई अभ्यर्थी उक्त तथ्यों को छिपाकर प्रवेश पा जाता है तो पता लगने पर उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
7. प्रवेश सम्बन्धी समस्त मामलों में अन्तिम निर्णय का अधिकार विश्वविद्यालय प्रवेश समिति एवं विश्वविद्यालय प्रशासन को ही है।
8. विश्वविद्यालय में रैगिंग पर प्रतिबन्धित हैं। **विश्वविद्यालय ने 'उच्च शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग के खतरे को रोकने के लिए यू.जी.सी. के** 2009 **के नियमों' को अपनाया है।**

नियम और विनियमों की व्याख्या

प्रवेश पाने वाले उम्मीदवारों के लिए विवरणिका-पुस्तिका के प्रावधान उपलब्ध दिशा-निर्देश हैं और किसी भी प्रकार से समय-समय पर पतंजलि विश्वविद्यालय में छात्रों के प्रवेश के संबंध के अतिरिक्त नियम बनाने में किसी सक्षम अधिकारी की शक्ति सीमित नहीं है।

विवरणिका में दिये गये नियम व नियमों की व्याख्या और इसमें मौजूद अन्य सभी जानकारी प्रकाशन के समय सही मानी गई है। सक्षम अधिकारी को किसी भी समय नियमों में बदलाव, प्रवेश के संचालन की शर्तो व किसी भी अन्य जानकारी में बिना बताये बदलाव करने का अधिकार है।

सक्षम अधिकारी बिना किसी सूचना के किसी भी समय विवरण-पुस्तिका में सम्मिलित अध्ययन के किसी भी कार्यक्रम को हटा सकते हैं या किसी भी कारण सीटों की संख्या को कम व बढ़ा सकते हैं। इस प्रकार के परिवर्तन, चूक या त्रुटियों के लिए छात्रों या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किये गये कठिनाइयों या खर्चों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कोई जिम्मेदारी स्वीकार नहीं की जाएगी।

अधिकार-क्षेत्र

सभी विवादों के लिए अधिकार-क्षेत्र हरिद्वार होगा।

नोट-

पतंजलि विश्वविद्यालय की स्थापना 5 **अप्रैल** 2006 **को हुई थी। विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर चरण-I, पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग बहादराबाद के पास, हरिद्वार** 249405 **(उत्तराखण्ड) में स्थित है। विश्वविद्यालय** 60482 **वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है।** 38197 **वर्ग मीटर के कवर क्षेत्र के साथ। विश्वविद्यालय के पास एक उत्कृष्ट बुनियादी ढाँचा है जो छात्रों की शैक्षणिक और पाठ्येतर आवश्यकताओं को पूरा करता है।**

IMPORTANT INSTRUCTIONS AND RULES FOR ADMISSION

1. The prospectus can be downloaded from the UOP website i.e. www.universityofpatanjali.com
2. Adhere to last date for submission of admission form.
3. The application form must be filled up in all respects. Submission of complete and proper documents by the prescribed date is the responsibility of the candidate. Incomplete application is liable to be rejected. Non-submission of documents by the due date shall make a candidate ineligible for admission.
4. Candidates, whose result of the qualifying examination is not Publically declared by the date indicated in the prospectus, shall produce the pass provisional certificate signed by the Registrar/Controller of Examination/Principal of the concerned University/College/Board with official seal. Incase of not meeting the eligibility requirement by due dates, the candidates becomes ineligible and his/her admission will be cancelled if already done. In case result has been declared publically but certificate/degree of qualifying examination has not been issued by the concerned Board/College/University, candidate shall have to produce authentic proof of Provisional Degree Certificate/Marksheet/OGPA from Head of the Institution.
5. If a candidate provides any false information in the application form, his/her application shall be summarily rejected. If any candidate secures admission in the University by providing false information his/her admission shall be cancelled on detection of the facts at the cost and risk of the candidate.
6. It may be carefully noted that the candidate who has been punished at any time in his/her earlier academic career found indulged in the activities of indiscipline or use of unfair means in any of the examination. In case, he/she secures admission by concealing any of the facts on these points the admission is liable to be cancelled as and when it is detected.
7. In all matters relating to admission, decision of the Admissions Committee of the University shall be final.

INTERPRETATION OF RULES & REGULATIONS

The provisions of the Prospectus are the guidelines available to the candidates seeking admissions and do not in any manner limit the power of any Competent Authority in making additional regulations regarding the admissions of the students in the University of Patanjali from time to time.

Disclaimer

The statements made in this Prospectus and all other information contained herein is believed to be correct at the time of publication. However, the competent authority reserves the right to make, at any time without notice, additions and alterations in the regulations, conditions governing admissions, the code of conduct of students, requirements for the degree or the diploma, fees and any other information or statement/rule contained in this Prospectus. Competent authority may delete any programme of studies indicated in the Prospectus, at any time without notice or reduce or increase the number of seats for reasons. No responsibility shall be accepted by the University for hardships or expenses incurred by the students or any other person for such changes, additions, omissions or errors, no matter how these are caused.

Jurisdiction

Jurisdiction for all disputes shall be at Haridwar.

Note:

The University of Patanjali was established on 5th April 2006. The main campus of the University is situated at Phase – 1, Patanjali Yogpeeth, Haridwar-Delhi National Highway, Near Bahardrabad, Haridwar – 249405 (Uttarakhand). The University is spread over an area of 60482 sq. mtr. with a covered area of 38197 sq. mtr. The University has an excellent infrastructure and fulfils academic and extra-curricular needs of the students.

Interaction Session of Hon'ble Chancellor

पतंजलि विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन में पूज्य स्वामी जी महाराज एवं
श्रद्धेय आचार्य जी महाराज के साथ यज्ञ में प्रतिभाग करते समस्त अधिकारी, शिक्षक एवं विद्यार्थिगण

अनुक्रमणिका

कुलगीत	(i)
प्रवेश प्रक्रिया एवं महत्त्वपूर्ण तिथियाँ	(ii)-(iii)
प्रवेश हेतु महत्त्वपूर्ण निर्देश एवं नियम	(iv)-(v)
विश्वविद्यालय-एक दृष्टि में	01
श्रद्धेय कुलाधिपति का संदेश	02
माननीय कुलपति की कलम से	03
माननीय प्रति-कुलपति का संदेश	04
प्रस्तावना	05
पतंजलि विश्वविद्यालय के अधिकारी गण	06
पतंजलि विश्वविद्यालय के प्राधिकारी गण	07
सलाहकार मण्डल	08
संकाय	09
संकाय-सदस्य	10
संसाधन एवं वातावरण	11-14
पाठ्यक्रम 2020-21	15
पाठ्यक्रम: एक दृष्टि में	16-17
शुल्क विवरण	18
पाठ्यक्रम विवरण	22-35
श्रद्धेय कुलाधिपति द्वारा प्रकाशित साहित्य	36
प्रकाशित साहित्य	37-41
पतंजलि विश्वविद्यालय छात्र नियमावली	42-45
छात्रावास नियमावली	46-48
विद्यार्थियों की दिनचर्या	49
पर्व एवं पाठ्येतर कार्यक्रम सूची	50
रैगिंग क्या है?	51-52
विश्वविद्यालय के सहयोगी सेवा प्रकल्प	53
आवेदन पत्र	**54-56**
अनुलग्नक: विभिन्न शपथ पत्र	57-63
छात्र-छात्राओं द्वारा स्थापित कीर्तिमान	64

Contents

Kulgeet	(i)
Admission Process & Important Dates	(ii)-(iii)
Important Instructions & Rules for Admission	(iv)-(v)
University at a Glance	01
Message from the Revered Chancellor	02
From the Desk of Hon'ble Vice-Chancellor	03
Message from the Hon'ble Pro Vice-Chancellor	04
Preface	05
Officers of University of Patanjali	06
Authorities of University of Patanjali	07
Advisory Committee	08
Faculties	09
Faculty Member	10
Amenities & Ambience	11-14
Programmes 2020-21	15
Overview of Courses offered	16-17
Fee Structure	18
Course Details	22-35
Literatures authored by Revered Chancellor	36
Published Literatures	37-41
Rules & Regulations of Students of UoP	42-45
Hostel Rules & Regulations	46-48
Daily Routine of the Students	49
List of Extra-Curricular activities & Celebrations	50
What is Ragging?	51-52
Sister Institutions of the University	53
Application Form	**54-56**
Annexure- Various Affidavits	57-63
Benchmarks established by the Students	64

विश्वविद्यालय: एक दृष्टि में

पतंजलि विश्वविद्यालय का नाम प्राचीन भारतीय ऋषिप्रवर पतंजलि के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने लगभग 900 ईसा पूर्व योग पर सूत्र युक्त ग्रन्थ संकलित किया था। यह विश्वविद्यालय उत्तरांचल शासन विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग अधिनियम संख्या 717/विधायी एवं संसदीय कार्य/2006 देहरादून, 05 अप्रैल, 2006 द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अन्तर्गत पतंजलि विश्वविद्यालय अधिनियम संख्या 04, वर्ष 2006 के अन्तर्गत स्थापित किया गया एवं भारत गणराज्य के 60 वें वर्ष में उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा द्वारा संशोधन अधिनियम संख्या 12/XXXVI(3)/2010/17(1)/ 2009, देहरादून 06 जनवरी, 2010 द्वारा संशोधित किया गया। पतंजलि विश्वविद्यालय पतंजलि योगपीठ न्यास द्वारा वित्त पोषित है एवं दिल्ली- हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग, बहादराबाद के निकट स्थापित किया गया है। यह विश्वविद्यालय भारतीय विश्वविद्यालय संघ का सदस्य है।

पतंजलि विश्वविद्यालय में केवल सूचना एकत्रित करने तथा मात्र आजीविका प्राप्त करने पर बल न देकर सामाजिक सौहार्द हेतु व्यक्तित्व विकास पर भी बल दिया जाता है।

योगऋषि स्वामी रामदेव जी एवं आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण जी ने "पुनः प्रकृति की ओर लौटने" का सिंहनाद करते हुए प्राकृतिक खाद्य पदार्थों से योग एवं आयुर्वेद के माध्यम से स्वास्थ्य एवं खुशहाली का मार्ग प्रशस्त किया है। ऐसी विचारधारा का अनुसरण करने वाली बढ़ती आबादी के साथ और अधिक उत्सुकता से भारतवासी ज्ञान के प्राचीन मूल को खोजने चल पड़े हैं। अध्यात्मवाद, स्वास्थ्य रक्षण, समग्र शिक्षा एवं उद्यमिता को पठन-पाठन विधि के मुख्य स्तम्भों में पतंजलि विश्वविद्यालय विशेष रूप से प्राथमिकता देता है।

पतंजलि विश्वविद्यालय के उद्देश्य :

1. पतंजलि विश्वविद्यालय का उद्देश्य प्राचीन ऋषि-महर्षियों द्वारा निर्दिष्ट मौलिक तत्व ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में व्यापक अध्ययन-शिक्षण एवं गहन शोध अनुसंधान द्वारा सुव्यवस्थित कर विश्व स्तरीय विद्या के रूप में स्थापित करना।

(क) राष्ट्रधर्म, स्वदेश प्रेम, स्वदेशी खानपान, आहार-शुचिता, जड़ी-बूटी व आयुर्वेद के संरक्षण व संवर्द्धन के विषय में युवाओं को जागृत करके रोजगारपरक शिक्षा को उपलब्ध कराना।

(ख) योग, आयुर्वेद सहित वेद-वेदांग आदि सभी प्राचीन विधाओं पर आधारित विविध महाविद्यालयों की स्थापना करना एवं स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान करना। विश्वविद्यालय में अपने उद्देश्यों के प्रोत्साहन हेतु नये अन्य डिप्लोमा और प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम आरम्भ करना।

2. भारतीय संस्कृति योग, आयुर्वेद के क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवीन परिवर्तनों को प्रोत्साहित करने के लिए अनुसंधान एवं विकास केन्द्र की स्थापना और उसके द्वारा:-

(क) ज्ञान की सम्बन्धित शाखाओं में शिक्षण एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।

(ख) विद्यालयों में ज्ञान की उत्पत्ति और प्रचार के लिए शोध कार्य की व्यवस्था करना जिससे विश्व पटल पर इन विधाओ को स्थापित किया जा सके तथा छात्र/छात्राओं को रोजगार भी सहज उपलब्ध हो सके।

(ग) योग, आयुर्वेद सम्बन्धी अध्ययन और ऐसी अन्य गतिविधियाँ आरम्भ करना जिससे आम जनता को योग, आयुर्वेद का लाभ मिल सके तथा रोगमुक्त स्वस्थ एवं समृद्ध समाज व राष्ट्र की सोच को विकसित किया जा सके।

University at a Glance

The University of Patanjali (UOP) is named after the great Indian sage Patanjali (c. 900 BC,), who first compiled the numerous writings on Yoga in the form of aphorisms. It was established under University of Patanjali Act No. 04/2006 of Uttaranchal State legislature No. 717/2006, published in the State Gazette on 05.04.2006 & published vide Amendment Act 12/XXXVI(3)/2010/ 17(1)/2009, Dehradun, 06 January, 2010 of Uttarakhand State Legislative Assembly. The University is sponsored by Patanjali Yogpeeth Trust (PYP) and is located on Delhi Haridwar National Highway at Bahadrabad, Haridwar. The University is a member of the Association of Indian Universities.

The education system of University of Patanjali is not restricted only to gain information for employment purposes but also emphasises on personality development for social co-existence.

From self sustaining use of natural resources to self-destructive materialism, Revered Yog Rishi Swami Ramdev and Ayurveda Shiromani Acharya Balkrishna have given the clarion call of 'Back to Nature' and propounded the path of natural food to health and happiness through Yoga and Ayurveda. With the growing mass following, more Indians are eager to go back to Ancient roots of Wisdom. Asceticism, health care, integral education and entrepreneurship are its major domains of teaching-learning.

Objectives of the University of Patanjali:

1. Objective of Patanjali University is to establish and investigate thorought scientific basis for the knowledge advanced by the ancient Indian sages and to undertake systematic research investigations in the background of scientific facts so as to provide it a firm foundation in the emerging world;

a. To provide employment oriented education and awaking to the youths so that they become in-grained to preserve knowledge of Ayurveda, herbal medicines, food hygiene, National duty, indigenous love and Swadeshi life style;

b. To establish various colleges and institutions based on traditional knowledge including Yog, Ayurveda, Veda and Vedang etc. and to provide graduate and post graduate degree courses, to introduce more degree & diploma courses in the University to meet the objectives.

2. To establish an Research & Development Center to promote research and innovations in the field of Yog, Ayurveda, Indian culture and traditional Vedic Sciences.

a. To provide instructions and training in such related branches of learning as it may deem fit.

b. To arrange research activities for the creation and dissemination of knowledge in schools, so that these traditions may be establish on the world fora & also for the research, jobs to the students.

c. To undertake Yoga/Ayurveda and other such activities related studies useful for masses leading to revival of Indian culture in higher esteem.

श्रद्धेय कुलाधिपति का संदेश

मेरे प्रिय विद्यार्थियों!



वर्त्तमान समय भारतीय ज्ञान-परम्परा का उत्कर्ष काल है। हमारे पूर्वज ऋषियों, योगियों और विविध विद्या विभूषित आचार्यों ने जीवन का सर्वविध कल्याण करने वाली अपरा व परा विद्याओं अर्थात् आध्यात्मिक, तथा भौतिक, विद्याओं का ज्ञान संपूर्ण विश्व को प्रदान किया था। ज्ञान का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं था, जिसमें भारत ने सूक्ष्म से सूक्ष्मतम रहस्यों को खोज कर मानवता का उत्कर्ष न किया हो।

वर्ष 2020 से आजतक के अन्तराल में संपूर्ण विश्व वैश्विक महामारी से भयभीत, संत्रस्त और चिन्तित है। ऐसी विषम परिस्थिति में योग और आयुर्वेद के साथ-साथ हमारी भारतीय जीवन पद्धति ने रक्षा कवच बनकर करोड़ों व्यक्तियों की रक्षा की है। हमारा संकल्प है कि हम केवल भारत के 135 करोड़ नागरिकों को ही नहीं अपितु संपूर्ण संसार को रोग, शोक, दु:ख, दरिद्रता, भूख, भय से पूर्ण रूप से मुक्त कर दें। इस सपने को साकार करने के लिये दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ-साथ प्रबल पुरूषार्थ अत्यन्त आवश्यक है। राग, द्वेष, ईर्ष्या, शत्रुता, मनोमालिन्य और आतंकवाद, अत्याचार, भ्रष्टाचार से मुक्त विश्वनिर्माण के लिए शारीरिक, आत्मिक, बौद्धिक बल के साथ-साथ धवल चरित्र, ज्ञान से विभूषित जीवन होना ही चाहिए। इस सत्य को साकार रूप प्रदान करने के लिए पतंजलि योगपीठ योग और आयुर्वेद के साथ ही शिक्षा को सर्वोपरि प्राथमिकता दे रहा है, क्योंकि उत्तम शिक्षा ही हमें श्रेष्ठ मानव बनाती है। हमारे देश के होनहार बालक, बालिकाएं विद्या-संस्कार-चरित्र विभूषित होकर राष्ट्रगौरव बढ़ायें स्वयं यशस्वी होकर भारत माता को वैभव के सर्वोच्च शिखर पर प्रतिष्ठित करें, इसी संकल्प के साथ पतंजलि विश्वविद्यालय कार्य कर रहा है। हम सनातन वैदिक ज्ञान एवं नूतन वैज्ञानिक अनुसंधान को एक साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इस संकल्पना को मूर्त्त रूप देने के लिए शिक्षा जगत् के प्रतिष्ठित मनीषियों प्रो0 महावीर अग्रवाल, प्रो0 के0एन0एस0 यादव, जो पूर्व में विश्वविद्यालयों के कुलपति पद को विभूषित कर चुके हैं, की सेवायें विश्वविद्यालय को प्राप्त हो रही है। इससे हम सभी गौरवान्वित हैं।

श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी के कुलपतित्त्व एवं सुयोग्य मार्गदर्शन में डॉ0 प्रवीण पूनिया जी, पूज्या साध्वी आचार्या डॉ0 देवप्रिया जी, पूज्य स्वामी परमार्थ देव जी, प्रो0 वी0 के0 कटियार जी, कवि कुलभूषण कविरत्न डॉ0 मनोहर लाल जी आर्य अहर्निश विश्वविद्यालय के गौरव संवर्धन में पूर्णत: समर्पित व पुरुषार्थरत हैं।

समस्त गुरुजनों तथा शिक्षकेतर कर्मयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करते हुए पुरातन एवं नूतन प्रवेश लेने वाले अपने आत्मीय विद्यार्थियों को अनन्त आशीष एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हुआ सब के सर्वविध मंगल की कामना करता हूँ। पूरा पतंजलि विश्वविद्यालय योगमूलक कर्मयोग, निवृत्तिमूलक प्रवृत्ति, पुरुषार्थमूलक परमार्थ एवं अभ्युदयमूलक नि:श्रेयस के पथ पर चलता हुआ दिव्य श्रेष्ठ विश्व नागरिकों के निर्माण में एक श्रेष्ठतम भूमिका निभायेगा, ऐसा मेरा दृढ़ विश्वास है।

स्वामी रामदेव

Message from the Revered Chancellor

My Beloved Students!

The current scenario is the excellence at par for the Bharat's tradition and its knowledge. Our ancestors Rishis, Yogis and various intellectuals, had imparted the knowledge of Apara and Para Vidya i.e., spiritual and physical sciences to whole world which manifests as a patron of creation. There are no such areas of existence, in which Bharat had have not made humanity flourish by discovering the subtlest of secrets.

Interim from the year 2020 till today, the whole world is frightened, distressed and perturbed about the global pandemic. In such strenuous situation, along with Yoga and Ayurveda, we have secured millions of populace by becoming a shield in our cultural way of life. It is our determination that not only the 135 crores citizens of Bharat, but the entire world should be completely free from disease, misery, sorrow, hunger, destitution, and trepidation. In order to make this vision come true, iron-willed determination, vigorous endeavour is crucial. To forge a world devoid of anger, malice, jealousy, enmity, mania and terrorism, despotism, corruption, a life filled with knowledge and best character, accompanying physical, intellectual, and spiritual strength is a must. To make these potentials a reality, Patanjali Yogapeeth is pivotal towards education along with Yoga and Ayurveda because, good education makes us the best human beings. University of Patanjali is determined towards the bright youngsters of our country; shall strengthen the nation's pride by being blessed with education, culture, character, and establish Bharat Mata at the echelon of magnificence splendour. We are leading ahead by enchanting Sanatana Vedic knowledge and modern scientific research simultaneously. To carve a concrete sculpt to this idea, the services of eminent scholars of education world, Professor Mahavir Agrawal, Profesor K.N.S. Yadav; who have had formerly accomplished the post of Vice-Chancellor of universities, are being received by the university. We are all grateful to this.

Dr. Pravin Punia Ji, Pujya Sadhvi Acharya Dr. Devpriya Ji, Pujya Swami Parmarth Dev Ji, Professor V.K. Katiyar Ji, Kavi Kulbhushan Kaviratna Dr. Manohar Lal Ji Arya, under the skilful counsel of Chancellor revered Acharya Balkrishna Ji, is adamant and unconditionally devoted towards the promotion of the dignity and honour of the university.

While transmitting the best aspiration to all the teachers and non-teaching staff, I wish everyone heartiest benison and constant blessings to our old and new students who is proceeding towards admissions.

It is my firm belief that, the entire University of Patanjali would play a magnificent role in the creation of divine best citizens, walking on the path of Yoga oriented Karmayoga, renunciation inclined peopensity, attainment of enlightment through arduous human pursuit, and advancement oriented beatitude.

Swami Ramdev

माननीय कुलपति की कलम से

मेरे प्रिय विद्यार्थियों,

आज संपूर्ण विश्व एक परिवार बना हुआ दिखाई देता है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की बात चरितार्थ हो रही है। संचार माध्यमों ने हजारों, लाखों किलोमीटर की दूरियों को निकटता में परिवर्तित कर दिया है। विज्ञान, अभियान्त्रिकी और कप्यूटर के क्षेत्र में विस्मयजनक क्रान्ति हुई है। इन भौतिक उपलब्धियों एवं संसाधनों से बहुत से कठिन विषय अत्यन्त सहज और सरल हो गये हैं, किन्तु भौतिक उन्नति के साथ-साथ अनेक प्रकार की समस्यायें, रोग, शोक, भय, संताप, अत्याचार, अनाचार, भ्रष्टाचार और आतंकवाद की ज्वालाओं में मानव जल रहा है। 2020 से संसार को भयाक्रान्त कर देने वाली वैश्विक महामारी ने विश्व की आर्थिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक प्रगति यात्रा को अवरुद्ध कर दिया है। आज का युग, जीवन के चौराहे पर खड़ा हुआ, सोच रहा है, किधर जायें, क्या करें? बेरोजगारी ने विकराल रूप धारण किया हुआ है। ऐसे में आत्मनिर्भर भारत समृद्ध और वैभवशाली भारत रोग रहित स्वस्थ और शक्तिशाली भारत और विश्वगुरु भारत का स्वप्न साकार कैसे होगा? इसका एक ही समाधान है, प्राचीन ज्ञान संपदा और आधुनिक अनुसंधान परक ज्ञान का समन्वय, आध्यात्मिकता और भौतिकता का मधुर संयोग तथा पूर्व और पश्चिम का मिलन।

इन सपनों को साकार करने के लिये देश की ऋषि परम्परा को अपना आदर्श और गौरव मानते हुए उन ऋषियों द्वारा प्रदत्त आयुर्वेद, योग, वैदिक शिक्षा, संस्कृति से अनुप्राणित वर्त्तमान की नवीनतम शिक्षा व्यवस्था को अपने किशोर एवं युवा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिये परम पूज्य स्वामी रामदेव जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में पतंजलि विश्वविद्यालय की स्थापना कर विभिन्न विषयों के विद्वान् प्राध्यापकों द्वारा अध्ययन-अध्यापन एवं अनुसन्धान का उच्चस्तरीय कार्य चल रहा है। विश्वविद्यालय का समस्त आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण भव्य-भवन, छात्रावासों एवं अत्यन्त आकर्षक विशाल भोजनालय के साथ तैयार होकर, समस्त शैक्षणिक गतिविधियां इस नूतन परिसर में प्रारम्भ हो चुकी है। हमारे विश्वविद्यालय के सुयोग्य स्नातक/स्नातिकायें देश-विदेश के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों एवं शिक्षा-संस्थानों में सम्मानजनक पदों पर कार्य कर रहे हैं।

कोविड-19 का हमने धैर्य के साथ प्रतिकार किया है। मुझे यह कहते हुए विशेष आत्मसन्तोष है कि हम देश के समस्त विश्वविद्यालयों के प्रवेश, परीक्षा, अध्ययन, अनुसन्धान आदि में अग्रणी भूमिका में हैं।

सत्र 2021-22 की प्रवेश प्रक्रिया हमने प्रारम्भ कर दी है। अनेक विश्वविद्यालयों में कुलपति, प्रति-कुलपति के रूप में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुदीर्घ अनुभव प्राप्त शिक्षाविद्, आई.ए.एस. के रूप में प्रशासनिक पदों पर कार्य करने वाले आई,आई.टी से अवकाश प्राप्त मनीषियों का छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्राप्त है।

श्रेष्ठ व्यक्तित्त्व का निर्माण करने के इच्छुक तथा शिक्षा से अपने जीवन को समलंकृत करने की अभिलाषा वाले किशोर, युवक, युवतियों को स्नातक, स्नातकोत्तर, पी-एच.डी. आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सस्नेह निमन्त्रण देता हूँ।

पतंजलि विश्वविद्यालय में आप प्रवेश प्राप्त करें, परम पूज्य स्वामी जी का आपको सतत् आशीर्वाद मिले, यह आपका परम सौभाग्य होगा।

आचार्य बालकृष्ण

From the Desk of Hon'ble Vice-Chancellor

My beloved Students,

Today the entire planet appears to be one family. The object of Vasudhaiv Kutumbakam is being realized. The media has converted distances of thousands of millions of kilometres into proximity. There has been an astounding revolution in the field of science, engineering and computers. With these materialistic achievements and resources, numerous difficult subjects have become very smooth and easy, but, along with materialistic advancement, human beings are raging in the blaze of innumerable types of problems, disease, grief, anguish, tyranny, incest, corruption and terrorism. The global pandemic that has terrified the world since 2020 has blocked the journey of world's economic, educational, and cultural progress. The present era, stagnant at the crossroads of life, thinking, where to proceed, what to execute? Unemployment has taken a dire form. In such a situation, how will the dream of self-reliant India, grandeur and prosperous India, disease-free healthy powerful India and Vishwa-Guru India come true? There is only one solution to this, the synthesis of abundant ancient proficiency and modern research-based knowledge, the pleasant liaisoning of spirituality and materiality and the union of East and West.

To realize these dreams, in view of the country's sage tradition as its ideal and pride, the latest education methodology, inspired by Ayurveda, Yoga, Vedic education, culture, provided by the sages, is most revered for the all-round development of its teenage and young students. Under the inspiration and guidance of Swami Ramdev Ji, a towering level of study, teaching and research is going on by the scholarly professors of various subjects through establishment of University of Patanjali. All the academic activities of the university have started in this advanced campus after getting prepared with all the modern facilities, grand buildings, hostels and very attractive spacious eatery. Qualified graduates of our university are working in respectable positions in prestigious establishments and educational institutions of the country and abroad.

We have fought against COVID-19 with perseverance. I have distinctive self-contentment to remark that we are in the forefront of admission, examination, study, research etc. in respect to all the universities of the country.

We have started the admission process for the session 2021-22. The students are getting guided by the Vice-Chancellor, Pro-Vice Chancellor served for many universities, academicians with rich experience in the field of higher education, administrative position like IAS, former scholars from IIT.

I passionately invite teenagers, young men and women, desirous of building the best personality and wishing to integrate their life with education, for admission in undergraduate, postgraduate, PhD etc. courses.

You get admission in University of Patanjali, may you be blessed by Param Pujya Swami Ji, and it will be your inordinate serendipity.

Acharya Balkrishna

माननीय प्रति-कुलपति का सन्देश

आइये! विद्या मधु का पान करें।

जीवन का यथार्थ जानने वाले मनीषियों ने नाना प्रकार से विद्या, ज्ञान और बुद्धि की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है। **'विद्या विहीनः पशुः' 'विद्ययाऽमृतमश्नुते' 'विद्याधनं सर्व धनप्रधानम्' 'ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः'** आदि वचन इसके प्रमाण हैं।

चारों वेदों में सर्वश्रेष्ठ माने जाने वाले महामन्त्र, गुरुमन्त्र, गायत्री में 'धियो यो नः प्रचोदयात्' द्वारा बुद्धि की ही प्रार्थना की गयी है। **'बुद्धिर्यस्य बलं तस्य'** बुद्धिबल को अत्यन्त महत्त्वपूर्ण माना गया है। बुद्धिबल से महामति चाणक्य ने महानन्द को राजसिंहासन से पदच्युत कर सामान्य परिवार में उत्पन्न चन्द्रगुप्त को चक्रवर्ती सम्राट बना दिया था। प्रभु तक पहुंचने के लिये विमल ज्ञान एवं निर्मल बुद्धि सर्वोत्तम साधन हैं। श्रीमद्भगवद्गीता का निम्न श्लोक पठनीय है।

इन्द्रियाणि पराण्याहुः इन्द्रियेभ्यः परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिः यो बुद्धेः परतस्तु सः॥

अर्थात् अचेतन पदार्थों की तुलना में इन्द्रियां श्रेष्ठ हैं, इन्द्रियों से मन श्रेष्ठ है, और मन से श्रेष्ठ है बुद्धि, क्योंकि इससे आगे आनन्दमय कोश का अधिष्ठाता परब्रह्म है।

व्यक्तित्व का सम्पूर्ण या सर्वाङ्गीण विकास विद्या, विवेक तथा बुद्धि से ही होता है। विद्या की प्राप्ति एवं बुद्धि का परिष्कार होता है श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ, श्रेष्ठ आचार्य चरणों में बैठकर। इतिहास इस सत्य का साक्षी है, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, योगेश्वर श्रीकृष्ण, महर्षि दयानन्द, स्वामी विवेकानन्द जैसे महापुरुषों का निर्माण महान् गुरुओं के श्री चरणों में ही हुआ।

भारत के उन्हीं नालन्दा, तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों एवं गुरुकुलों की पावनी परम्पराओं को आधुनिक ज्ञान, विज्ञान की धाराओं के साथ संयुक्त करते हुए शारीरिक, बौद्धिक तथा आत्मबल से परिपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण करने के लिए योगऋषि पूज्य स्वामी रामदेव जी तथा आयुर्वेद शिरोमणि श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी ने तीर्थ नगरी हरिद्वार में पुण्य सलिला भगवती भागीरथी के पावन तटपर विशाल पतंजलि विश्वविद्यालय की स्थापना की है। दिव्यता, भव्यता के साथ-साथ समस्त आधुनिक सुविधाओं एवं उपकरणों से सुसज्जित विश्वविद्यालय का नूतन भव्य-भवन तैयार है।

विशालतम सभागार (ऑडिटोरियम), प्रशासनिक भवन, बृहद् पुस्तकालय, सुन्दर विशाल कक्ष, छात्रावास, लिफ्ट आदि की समस्त सुविधायें इन भवनों में विद्यमान है।

समस्त विश्व ने कोरोना, वैश्विक महामारी की संकट की घड़ियों में देखा कि योग और आयुर्वेद ने सुरक्षा कवच बनकर करोड़ों जीवनों की रक्षा की। जिस प्रकार सहस्राब्दियों पूर्व महाराजा भगीरथ गंगा को भूतल पर ले कर आये थे, उसी प्रकार पूज्य स्वामी रामदेवजी ने गुफाओं में स्थित योग को घर-घर में पहुंचा दिया है।

पतंजलि विश्वविद्यालय के सत्र 2021-22 का शुभारम्भ हो रहा है। प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी हैं।

मैं आप सब छात्र-छात्राओं का स्नेहपूर्ण हृदय से स्वागत करता हूं। आप यहां सुयोग्य गुरुओं से शिक्षा प्राप्त करते हुए एवं परम पूज्य स्वामीजी तथा श्रद्धेय आचार्य श्री के प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक, जीवन का निर्माण करने वाले स्नेहाशीषों से अभिषिक्त होते हुए, उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें, इसी आशा और विश्वास के साथ।

महामहोपाध्याय डॉ० महावीर

Message from Pro Vice-Chancellor

Let's imbibe the nector of Intellect

The mystics, who know the reality of life, have praised *Vidya, Gyan* and Wisdom in numerous ways. ***'Vidyā Vihinah pashu', 'Vidyāyāmritmashnutey', 'Vidyādhanam Sarva Dhanpradhānam', 'Ritey Gyānānn Muktih'*** verses are its evidence.

Considered to be the best of the four Vedas, the super verse, *Gurumantra,* Gayatri, praises the intellect by 'Dhiyo Yonaḥ Prachodayāt'**. 'बुध्दिर्यस्य बलं तस्य'**; Intellectual ability is considered very important. Magnificent Chanakya, with wisdom deposed Mahananda from the throne and instated Chandragupta, the *Chakravarti* emperor who was born in an ordinary family. Explicit knowledge and refined intellect are the best means to outreach almighty. The ensuing verse of *Shrimad Bhagavad Gitā* is legible.

Indriyāṇi Parāṇyāhur Indriyebhyaḥ Paraṁ Manaḥ
Manasas Tu Parā Buddhir Yo Buddheḥ Paratas Tu Saḥ

That is, the senses are superior to the unconscious objects, the psyche is superior to the senses and the intellect is superior to the psyche, because beyond this the Supreme Brahman is the presiding officer of the Sheath of Blissfulness.

The absolute or inclusive evolution of personality takes place only through awareness, wisdom and intellect. The attainment of knowledge and the refinement of the intellect are gained by sitting at the feet of the *srotriya,* Brahmins and teacher of highest order. History is evident to the truth that, great men like *Maryādā Purushottam Shri* Ram, *Yogeshwar Shri* Krishna, *Mahārishi* Dayanand, *Swāmi* Vivekananda were created at the feet of great gurus.

Yogarishi Pujya Swāmi Ramdev *Ji* and *Ayurveda Shiromani* honourable *Achārya* Balkrishna *Ji* has established a gargantuan Patanjali University in the pilgrimage city of Haridwar on the holy banks of the holy *Salila Bhagwati* Bhagirathi to create a personality full of physical, analytical and self-power by merging the sacred traditions of the same universities and *gurukuls* like Nalanda, Taxila, with the currents of modern knowledge and science. Along with divinity, grandeur, the new magnificient building of the university equipped with all modern facilities and equipment is ready.

The largest auditorium, administrative building, macro-scale library, delightful significant room, hostel, lift etc., with all facilities are present in these buildings.

The whole world witnessed in the times of crisis of Corona, a global pandemic that Yoga and Ayurveda saved crores of lives by becoming a protective shield. Just as *Maharaja* Bhagirath had brought the Ganges to the terra-ferma centuries ago, in the same way, revered *Swami* Ramdev *Ji* has brought Yoga to door to door from the caves.

The session 2021-22 of University of Patanjali is starting and admission process has begun.

I extend a warm heartfelt welcome to all of our students. With this hope and faith, you would build a bright future here by getting education from qualified *gurus* and being anointed with the inspirational, knowledgeable, life-creating affections of *Param Pujya Swamiji* and revered *Achārya Shri.*

Mahamahopadhyaya Dr. Mahavir

Registrar

The University of Patanjali is founded on the unique philosophy defined by Param Pujya Swami Ji and Param Shradhey Acharya Ji connecting past and future for contribution towards the cause of education and health in new age yogic life across the globe.

There are faculties i.e. Faculty of Yoga Science, Faculty of Science, Faculty of Humanities & Ancient Studies, Faculty of Medical Science & Research, Faculty of Management and Faculty of Naturopathy. Deans of the Faculties, Finance Officer and the Registrar have been entrusted with the responsibility of imparting education with emphasis on moral, ethical, spiritual and overall personality development of the students; state of the art infrastructure facilities with IT enabled library; smooth and effective management and administration.

५. छात्र एवं छात्राएं कक्षाओं, सभाओं एवं अन्य सामूहिक कार्यक्रमों में मर्यादित रूप से अलग-अलग बैठेगें तथा कार्यक्रमों की समाप्ति पर छात्र पहले छात्राओं को जाने देंगे बाद में स्वयं जायेंगे। द्वार पर या अन्य स्थानों पर अनावश्यक रूप से एकत्रित न होंगे। मर्यादा का पालन करते हुए कोई भी छात्र/छात्रा समूह या युगल में व्यर्थ ही भ्रमण न करें, न किसी स्थान पर बैठें, न ही अमर्यादित रूप से परस्पर हँसी-मजाक करें या कुचेष्टा करें, ऐसा करते हुए पाये जाने पर तथा कक्षाओं, सभाओं व दिनचर्या में विलम्ब से पहुँचने पर, दीर्घ अनुपस्थिति की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी।

६. विश्वविद्यालय परिसर अथवा पतंजलि योगपीठके किसी भी संस्थान में विद्यार्थियों के द्वारा जातिवाद, प्रान्तवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, वंशवाद एवं शारीरिक-संरचना, रंग-रूप व परिधान इत्यादि विषयों के आधार पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी, भेद-भाव तथा वाद-विवाद दण्डनीय अपराध माना जायेगा तथा ऐसी स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

७. विद्यार्थियों को विदित रहे कि अपने से बड़ों से वार्तालाप करते समय अति विनम्रता और सहनशीलता का परिचय देते हुए सम्मानजनक शब्दों का प्रयोग करें जैसे-आप, जी, इत्यादि। उनकी बातों की अहवेलना व उपहास कदापि न करें।

८. किसी भी प्रकार के विषय को लेकर परिसर में/ छात्रावास में विद्यार्थियों के अध्ययन को बाधित कर उनको भड़काना, भ्रमित करना, हड़ताल आदि की चेष्टा करने पर दोषी छात्र/छात्रा को दण्डित किया जायेगा।

९. विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से छात्रावास में अन्तेवासी के रूप में रहना है। सम्बन्धित छात्रावासों के प्रत्येक विद्यार्थी को छात्रावास से सम्बन्धित नियम व मर्यादाओं का पालन करना आवश्यक होगा।

१०. सभी विद्यार्थियों को निर्धारित गणवेश व परिचय-पत्र के साथ में ही विश्वविद्यालय परिसर में रहना है।

११. सभी सादगीपूर्वक रहते हुए वस्त्र तथा केश विन्यास व सौन्दर्य प्रसाधन में मर्यादाओं का ध्यान रखेंगे। किसी भी अत्याधुनिक सौन्दर्य प्रसाधन का प्रयोग निषेध है।

१२. शैक्षणिक गतिविधियों एवं परीक्षा सम्बन्धी क्रिया-कलापों में भ्रष्टता व गड़बड़ी पाये जाने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

१३. विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय के किसी भी सदस्य की सम्पत्ति को क्षति पहुँचाये जाने पर अथवा विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्पत्ति का अनधिकृत प्रयोग या दुरुपयोग करते हुए पाये जाने पर दोषी विद्यार्थियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

१४. संस्थागत उत्सव एवं ज्ञानवर्धक सत्र आदि में माननीय कुलाधिपति, मा0 कुलपति एवं मा0 प्रतिकुलपति अथवा अन्य अधिकारियों के निर्देशानुसार तथा जनजागरुकता के लिए विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित किये जाने वाले स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरुकता अभियान, वृक्षारोपण अभियान, रक्तदान अभियान, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि विभिन्न कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

१५. विद्यार्थियों को अपरिहार्य स्थिति में भी अधिकृत अधिकारी की अनुमति के बिना अवकाश अनुमन्य नहीं है। अध्ययन-सत्र अवधि में किसी भी प्रकार का अवकाश नहीं मिलेगा। अवकाश समाप्ति पर सुनिश्चित तिथि में ही उपस्थित होना अनिवार्य है।

१६. विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वस्तु क्रय व सामानों के प्रयोग में स्वदेशी भावना की अनुपालना सुनिश्चित करें। सभी माननीय प्रधानमंत्री जी के **'आत्मनिर्भर भारत अभियान'** की सफलता हेतु स्वदेशी एवं 'लोकल' सामानों का ही प्रयोग कर उसे 'ग्लोबल' बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। पतंजलि विश्वविद्यालय परिसर में रहते समय उपलब्ध पतंजलि उत्पादों का ही यथासम्भव प्रयोग करना है।

१७. विभिन्न क्षेत्रों यथा- खेल-कूद, योगासन, गायन-वादन, अनुसंधान, शास्त्र-स्मरण, साहित्य लेखन आदि में प्रतिभा सम्पन्न छात्र/छात्राओं को बढ़-चढ़ कर भाग लेना है। विश्वविद्यालय की ओर से प्रोत्साहित करने के लिए यथासम्भव पुरस्कृत भी किया जाता है।

नोट :-

1. सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय परिसर/ छात्रावास में लगे सूचनापट्ट (नोटिस बोर्ड) पर लगाई गयी सभी प्रकार की सूचनाओं से भी आवश्यक रूप से अवगत रहें।
2. किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता के पाये जाने पर नियमानुसार अर्थदण्ड, श्रमदण्ड, निलम्बन व निष्कासन इत्यादि दण्ड हो सकते हैं।
3. वर्ष में एक बार विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित 'अभिभावक गोष्ठी' में विद्यार्थियों के माता-पिता/ अभिभावकों की उपस्थिति अनिवार्य है ताकि वे विश्वविद्यालय संस्थान की प्रगति के बारे में तथा अपने पुत्र-पुत्रियों कीगतिविधियों/उनकी अध्ययन सम्बन्धी प्रगति की जानकारी प्राप्त करें।

प्रतिदिन प्रातःकाल में योग और यज्ञ करना प्रत्येक विद्यार्थी के लिए आवश्यक है।
उसी की अनुपालना की एक झलक।

RULES & REGULATIONS FOR STUDENTS OF UNIVERSITY OF PATANJALI

OM-The supreme soul has set various rules and decoroum to sustain the cosmos. These are known as "Rit Niyam" in Vedas. Vedas teach us to live moderate and disciplined life for physical, spiritual, social and economic advancements. Discipline is important for Nation's progress. Discipline induces creativity, hence it is mandatory to follow the given rules and regulations of the University by all enrolled students within and outside the University premises.

1. 75% attendance is mandatory in every subject offered in each semester. As every student is required to attend at least 75% of the lectures scheduled and practicals conducted, separately in each course, from the start of the classes of a semester, for being eligible to appear in the final examination of that semester such students will not be permitted to take examination of the subject in the semester.
2. Ragging is banned in University. The University has adopted the UGC Regulations on Curbing the Menace of Ragging in Higher Educational Institutions, 2009. If any incident of ragging comes to the notice of the University Authorities, action will be taken as per the rules.
3. The students residing in University hostels shall not be permitted to keep and use motorized vehicles in the campus. An Undertaking will be obtained in Annexure- __ in this regard.
4. All students are expected to behave respectfully with teaching as well as non-teaching staff. Remember that one should not ill treat and torture anyone by one's vulgar language, speech and behavior. Address by words like *'Tu', 'Tere ko', 'Mere ko', 'Abe', 'Tbe'* etc. is uncalled for. None should be of indulged in unwanted, uncultured and uncalled for acts. Any physical assault within and outside the campuses of University of Patanjali and related institutions is unforgivable offence and liable for punishment.
5. Male and female students need to sit separately in classrooms, meetings and other programs. At the end of classes or programs, male students are expected to allow female students to come out first without creating random barriers and gathering on the gate and elsewhere. Moving around of male & female students together or sitting in a group and cutting vulgar funs anywhere in the University Campus shall be treated unmannered and liable to disciplinary action.
6. It is a punishable offence to comment, discriminate and debate anyone in terms of cast, region, language, pedigree, physical structure, complexion and dress codes etc.
7. Students have to follow due etiquettes and speak culturally accepted words (Ji, Aap etc.) during conversations among peers and seniors. They should never underestimate and criticize seniors' talks/advices.
8. Planning/creating any sort of disturbance in studies, conflicts, disharmony, mistrusts, aggression, deviation from the study, persuasion for strikes etc. will be punishable. Such activities are strictly prohibited.
9. It is compulsory for the students of all the programmes of UoP to reside in the hostels. These rules and regulations of the respective hostels are to be followed by all the residents.
10. Dressing up in prescribed dress codes and possession of identity card while in the University Campus is compulsory otherwise will be liable for disciplinary action.
11. Students while living a life of simplicity will follow the modesty, accepted hair styles and use of simple cosmetics only. Use of ultra modern beauty products is forbidden.
12. Disciplinary action will be taken against any type of dishonesty and mess in teaching and examination related activities.
13. Students engaged in damage to the property of University or its member/s and unauthorized use/misuse of University assets will be liable for punishment.
14. Students have to ensure their 100% presence in institutional festivals; teaching and other programs like campaigns for cleanliness, awareness among voters, plantation, blood donation and NSS programs organized by the University as per instructions from (i) Hon'ble Pro Vice Chancellor/ (ii) Hon'ble Vice Chancellor/ (iii) Hon'ble Chancellor.
15. Even in urgent cases, students' leave will not stand sanctioned without permission of the authorized officers. No leave will be granted during teaching days. Timely presence of the students after end of the vacation is mandatory.

16. All students of the University are expected to purchase and use indigenous consumer products. Students should contribute to Hon'ble Prime Minister's *"Aatm Nirbhar Bharat Abhiyan"*- a grand success by purchasing *"Swadeshi Products"*. Preferably the students should use Patanjali FMCG products during their stay at the University.
17. Students to participate enthusiastically in games, yoga, singing (vocal and instrumental), research, *Shastra smaran*, literary writing etc. Off and on they will be honored.

NOTE:

1. Students are advised to cultivate the regular habit of watching notice boards affixed in the University Campus/Hostels to get intermittent updates.
2. Any type of indiscipline will lead to punishment as fine, *'Shramdand'*, suspension and rustication etc.
3. Students' parents/guardians must attend parent meeting once in a year to be informed about their ward's behavioral, curricular and extracurricular progresses.

शैक्षणिक पंचांग २०२१-२२ (सम्भावित)

कार्यक्रम	सेमेस्टर	
	प्रथम	द्वितीय
प्रवेश शुल्क और पिछला शेष शुल्क जमा करना (नवीन छात्रों हेतु)	15.09.2021 से 20.09.2021	22.01.2022 से 06.02.2022
शिक्षण प्रारम्भ	01.09.2021 (वरिष्ठ कक्षा) 01.10.2021 (नवीन कक्षा)	24.01.2022
आन्तरिक परीक्षाएं	23.12.2021 से 30.12.2021	09.04.2022 से 20.04.2022
प्रायोगात्मक परीक्षाएं	15.01.2022 से 25.01.2022	20.05.2022 से 30.05.2022
मुख्य परीक्षाएं	01.02.2022 से 20.02.2022	01.06.2022 से 20.06.2022
शैक्षणिक अवकाश	24.02.2022 से 01.03.2022	21.06.2022 से 27.07.2022
मुख्य परीक्षा परिणाम की घोषणा	02.03.2022	

Academic Calendar 2021-22 (Proposed)

Event	Semester	
	1st	2nd
Admission fee & dues payment (for new students)	15-09-2021 to 20-09-2021	22-01-2022 to 06-02-2022
Commencement of classes	01-09-2021 (Senior Class) 01-10-2021 (New Class)	24-01-2022
Internal Examinations	23-12-2021 to 30-12-2021	09-04-2022 to 20-04-2022
Practical Exams	15-01-2022 to 25-01-2022	20-05-2022 to 30-05-2022
Final Exams	01-02-2022 to 20-02-2022	01-06-2022 to 20-06-2022
Academic Vaccation	24-02-2022 to 01-03-2022	21-06-2022 to 27-07-2022
Announcement of Final Result Submission	02-03-2022	

छात्रावास नियमावली

प्राचीन भारतीय वैदिक परम्पराओ व मूल्यों को अपना आदर्श मानते हुए एवं ऋषियों के द्वारा निर्दिष्ट वैदिक जीवन पद्धति को आत्मसात् करते हुए पतंजलि विश्वविद्यालय अपने छात्रावास में दिव्य अध्यात्मिक चेतना से युक्त छात्रों के निर्माण हेतु संकल्पित है, अत: आशा है कि प्रस्तुत नियम एवं प्रतिबन्ध सभी अन्तेवासी आत्मकल्याण, राष्ट्रकल्याण के महान लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूर्ण शालीनता एवं अनुशासन के साथ प्रसन्नता पूर्वक स्वीकार करेंगें।

1. पतंजलि विश्वविद्यालय के मूल में ऋषियों की पावनी परम्परा है अत: सभी अन्तेवासियों से अपेक्षा है कि प्रात: जागरण, योग व यज्ञ में अपनी उपस्थिति जागरुकता पूर्वक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें । अनुपस्थित अन्तेवासियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक / अर्थदण्ड /श्रमदण्ड आदि की कार्यवाही की जायेगी।
2. भोजनालय में शुद्ध सात्विक शाकाहारी भोजन की उपलब्धता निम्न समयानुसार रहेगी–

प्रात: राश	:	प्रात: 08:00 से 09:00 बजे तक
दोपहर का भोजन	:	मध्याह्न 01:00 से 02:00 बजे तक
रात्रि का भोजन	:	सायं 07:30 से 08:30 बजे तक

   किसी को भी किसी भी प्रकार से माँसाहारी भोजन रखने, बनाने अथवा लाने की अनुमति नहीं है, यदि कोई नियम भंग करता है तो उस पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।
3. भोजन भोजनालय से बाहर ले जाना मना है एवं बाहर का कुछ भी भोजनालय में लाकर खाना अथवा छात्रावास में भी ले जाना पूर्णत: प्रतिबन्धित है।
4. कक्षा के समय किसी भी अन्तेवासी का बिना पूर्व सूचना एवं अनुमति के छात्रावास में रहना दण्डनीय होगा ।
5. छात्रावास से किसी भी अन्तेवासी को रात्रि 10:00 बजे के पश्चात् तथा प्रात: 5 बजे से पूर्व बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
6. अन्तेवासियों को निर्दिष्ट किया जाता है कि अधिकृत व्यक्ति को बिना सूचना दिये विश्वविद्यालय परिसर से बाहर जाना प्रतिबन्धित है।
7. विश्वविद्यालय एवं छात्रावास परिसर में किसी भी प्रकार के मादक द्रव्यों का प्रयोग(रखना– ले आना व ले जाना)किसी भी प्रकार से वर्जित है। (यथा– पान, बीड़ी, गुटखा, पान–मसाला, तम्बाकू, गांजा, सिगरेट, खैनी, हुक्का, बियर, मदिरा आदि)
8. अन्तेवासी बिना किसी लिखित अनुमति के अपना कक्ष नहीं बदल सकते है एवं अन्य किसी के साथ कक्ष परस्पर अदला– बदली भी नहीं कर सकते हैं ।
9. अन्तेवासी अपने कक्ष की दीवार व दरवाजे आदि पर किसी भी प्रकार का चित्र, नोटिस, पेंटिंग, अमान्य स्लोगन आदि नहीं लगायेगें जिससे की दीवार अथवा फर्नीचर आदि के खराब होने की संभावना हो।
10. विश्वविद्यालय परिसर में वाहन के रूप में केवल साईकिल चलाना ही अनुमन्य है। एवं साईकिल निर्धारित स्थान पर ही खड़ी करें।
11. अन्तेवासी अपने कक्ष में किसी भी अन्य को (जिनमें मित्र / बन्धु /अतिथि / परिजन आदि) को नहीं ले जा सकते हैं।
12. विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रावास में उपलब्ध कराये गये बेड, फर्नीचर, टेबल आदि को हटाना, क्षतिग्रस्त करना, किसी भी प्रकार से उन पर कुछ लिखना, चिपकाना आदि पूर्णत: वर्जित है।
13. अन्तेवासियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने कक्ष एवं परिसर को स्वच्छ, सुन्दर एवं व्यवस्थित रखेगें।
14. गीले / भीगे वस्त्रों को यथा स्थान पर ही सुखाने के लिए फैलायें न कि सार्वजनिक स्थानों पर व कक्ष में इधर–उधर, दरवाजों, टेबल आदि पर छोडें ।
15. अन्तेवासी अपने कक्ष की चाबी जो उन्हे दी गयी है उसे सुरक्षित रखेगें एवं खो जाने पर निर्धारित शुल्क(500 रुपये) जमा कर दूसरी चाबी प्राप्त करेगें व किसी भी स्थिति में कोई भी डुप्लीकेट चाबी नहीं बनवायेगें।
16. संस्था, एवं छात्रावास के किसी भी सम्पत्ति के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में सम्बन्धित दोषी छात्र से अर्थदण्ड द्वारा उसकी क्षतिपूर्ति की जायेगी एवं यदि क्षतिग्रस्त करने वाले दोषी छात्र की पहचान अन्य छात्रों द्वारा छिपायी जाती है तो सभी छात्रों पर समान रूप से अर्थदण्ड

लगाकर उस सम्पत्ति के मूल्य अथवा लागत की भरपायी की जायेगी।

17. बिजली व पानी का दुरुपयोग न करें, कक्ष से निकलते समय हमेशा यह सुनिश्चित करे कि पंखा, ट्यूब लाइट आदि ठीक प्रकार से सभी विद्युत उपकरण बन्द है या नहीं। कक्ष से निकलते समय यह भी ध्यान दें कि दरवाजा, खिड़की आदि ठीक प्रकार से बन्द हों। किसी भी प्रकार का कैमरा, रिकार्डर, विडियो यंत्र, ऑडियो यंत्र आदि का रखना एवं प्रयोग करना तथा किसी भी प्रकार का अस्त्र, शस्त्र, धारदार हथियार, आग्नेयास्त्र आदि का रखना व प्रयोग करना भी पूर्णत: प्रतिबन्धित है।
18. छात्रावास के कक्ष में किसी भी प्रकार का विद्युत यंत्र यथा- हीटर, रूम हीटर, म्युजिक सिस्टम आदि का प्रयोग न करें एवं कमरें में गैस, सिलेण्डर, पेट्रोलादि ज्वलनशील पदार्थ न रखें। यह छात्रावास में पूर्णत: वर्जित है।
19. छात्रावास परिसर के किसी भी कक्ष की किसी भी समय तलाशी ली जा सकती है जिसमें छात्र / छात्राओं का सहयोग अनिवार्यत: अपेक्षित है।
20. छात्रावास में अपने पास मूल्यवान आभूषण / सामग्री / नकदी आदि नहीं रखने का निर्देश दिया जाता है किसी भी चोरी आदि की स्थिति में छात्र / छात्रा स्वयं जिम्मेदार होगें ।
21. छात्रावास में अन्दर व बाहर जाने पर अनिवार्य रूप से सुरक्षा कर्मियों द्वारा सामान की जाँच करवाना तथा अवाश्यक होने पर अपना परिचय-पत्र अवश्य प्रस्तुत करना होगा ।
22. छात्रावास वार्डन / छात्रपाल द्वारा दी गयी सभी सूचनाओं का पूर्ण पालन करना अनिवार्य है एवं समय-समय पर आहूत की जाने वाली बैठकों व सभा आदि में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए।
23. छात्रावास कार्यालय द्वारा आप के माता-पिता / संरक्षक को किसी कारणवश बुलाने पर निश्चित समय अवधि पर आना अनिवार्य है । छात्र / छात्राओं से अपेक्षित है कि वे प्रस्तुत नियमावली की एक प्रति विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.universityofpatanjali.com) से लेकर अपने माता-पिता को अवश्य दिखायें।
24. यदि कोई छात्र या उसका साथी किसी भी प्रकार की संक्रमित बीमारी से ग्रस्त हैं तो तुरंत छात्रपाल को सूचित करना अनिवार्य है। किसी भी साथी की रुग्णावस्था में सहानुभूति व प्रेमपूर्वक उसका ध्यान रखें एवं उसका सहयोग अपेक्षित है ।
25. छात्रावास में किसी भी प्रकार की पार्टी, गोष्ठी, जन्मदिन का आयोजन करना, शोर मचाना, उच्च स्वर में वार्तालाप, वाद-विवाद व गाना गाना आदि का पूर्णत: निषेध है ।
26. छात्रावास में शयनकालीन मन्त्र पाठ रात्रि 9:00 बजे से लेकर के प्रात: काल यज्ञ पर्यन्त मौन का वातावरण स्थापित करने में परस्पर सहयोग दें। शयनकालीन और जागरणकालीन प्रार्थनाओं में सभी अन्तेवासियों की उपस्थिति अनिवार्य है।
27. योग, यज्ञ, अध्ययन, अध्यापन, बैठकों, सभा, गोष्ठी आदि में मोबाइल का किसी भी प्रकार से प्रयोग पूर्णत: वर्जित रहेगा । स्मार्ट फोन का प्रयोग निर्धारित समय अवधि के अतिरिक्त यदि प्रयोग करते हुए पाये जाते हैं तो फोन जमा कर लिया जायेगा एवं अर्थदण्ड या श्रमदण्ड दिया जायेगा ।
28. छात्रावास के बाहर हमेशा वस्त्र की मर्यादा का ध्यान रखें छात्रों के लिए कुर्ता-पायजामा अथवा धोती-कुर्ता तथा छात्राओं के लिए सलवार-कुर्ता अथवा साड़ी ही स्वीकार्य हैं । विश्वविद्यालय परिसर या छात्रावास में छात्र-छात्राएं सजगता पूर्वक इस बात का ध्यान रखें कि वस्त्रों के रूप में भारतीय परिधान का ही प्रयोग करें । भड़कीले एवं अशोभनीय पश्चिमी पहनावा स्वीकार्य नहीं हैं।
29. योग एवं खेल-कूद के समय विश्वविद्यालय से प्रदत्त व निर्धारित ट्रैक सूट, टी-शर्ट आदि ही धारण करें तथा यज्ञ में व विशेष पर्वों पर उत्तरीय व कटिवस्त्र धारण करें। छात्राएं सलवार-कुर्ता अथवा साड़ी धारण करें।
30. अन्तेवासियों को निर्देशित किया जाता है कि वैदिक संस्कृति के प्रतीक चिन्हों यथा-शिखा, यज्ञोपवीत (सूत्र) का पूर्ण मनोयोग से सम्मान करेगें एवं इन प्रतीकों को स्वयं धारण करने के साथ ही अन्यों को धारण करने हेतु उत्साहित करेगें।

HOSTEL RULES

University of Patanjali hostels have envisaged the creation of divine consciousness among the students according to ancient Indian Vedic Traditions and values.The motive of these guidelines is to
\the Vedic way of life in accordance to the visionary Sages, with full hope to inculcate strong leadership and discipline within our youth.

1. University of Patanjali is established with the foundation of reestablishment of Vedic Cultural heritage. So all the residents of the hostels are expected with full presence in Yoga classes and Yajna compulsively, otherwise they may attract in-disciplinary action/ fine / physical punishment.
2. Food served in the mess will be vegetarian (*Satvic*) only and will be served as:

Breakfast	:	08:00AM to 09:00AM
Lunch	:	01:00PM to 02:00PM
Dinner	:	07:30PM to 08:30PM

   Cooking, keeping or consuming Non-Vegetarian (*Tamasik*) food is strictly prohibited in campus as well as in the hostel.
3. Food will not be allowed outside the mess and any market food into the mess or in the hostel is strictly restricted.
4. Residents are not allowed to stay in the hostel during academic sessions without any pre-permission.
5. Residents will not be allowed to stay out from the hostel building from 10:00pm to 4:00 am.
6. Residents of the hostel are not allowed to move out or leave the campus without permission of the warden.
7. Use of any kind of intoxicants (betel, tobacco, *beedi*, cigarette, hookah, bear, alcohol,etc.) are strictly prohibited in the university campus as well as the hostel campus.
8. Residents are neither allowed to change their room nor exchange their rooms among others without anyauthorized permission in written.
9. Residents should not ruin the furniture, doors and walls of the hostel by pasting pictures, invalid slogans, paintings etc.
10. Only bicycle is allowed as vehicle in the campus, which should be parked in specified area only.
11. Family members, friends, relatives are not allowed in the hostel.
12. Furnitures, table, bed etc, given by the university administration should not be degraded, scribbled, removed by the students.
13. Residents have to keep cleanliness, hygiene and systematic rooms as well as campus.
14. Residents have to hang their wet clothes in the specified area and should not spread them in any public places, tables or doors.
15. Allotted roomhas to be kept safe. Otherwise it will be reissued with a fine of Rs 500 by the resident. No one is allowed to keep any duplicate keys.
16. Damage of any kind of property of the campus or the hostel has to be compensated from the penalty imposed on the resident concerned. If the identity of the convicted student will be concealed by the other residents, then they shall be charged with the original cost of the damaged property as fine.
17. Student should not misuse water and power. Be sure to lock windows, doors and switch off lights before leaving the room.
18. Electrical devices like heaters, room heaters, music players, etc are totally prohibited in the hostel rooms.
19. Rooms can be enquired and checked by the authorities at anytime and the residents are expected to cooperate.
20. Valuable jewellery, cash and expensive stuff are not allowed in hostel. Resident himself will be held responsible in case of any theft.
21. Resident's luggage and identity cards may be checked by the security if found necessary.
22. All the residents have to abide by the directions from the Warden. Residents have to ensure presence in the meetings conducted by the hostel wardens.
23. It is mandatory for the residents to inform and provide the copy of University Rules to their parents.In case of any call by the hostel office, parents should visit the hostel warden within specified time period.
24. In case of any health related symptoms or illness it is mandatory to report the hostel warden or office. It is also expected that residents should be caring towards each other in such situations.
25. Any kind of Get-together, parties, loud communication, playing music, making noise is strictly prohibited.
26. Residents have to cooperate to create a satvik and yogic atmosphere throughout the day. Silence to be strictly maintained after night prayer till the morning Yajna.
27. Use of mobile phones are restricted especially in Classrooms, Yajna, Seminars, Official meetings/gatherings etc. If found using mobile phone beyond the given time, it will be recovered along with fine or physical punishments.
28. Students have to be in the Indian wear in the campus, western wear will not be accepted, female have to be in *salwar kurta*/ saree, and male have to be in kurta pajama/ dhoti kurta.
29. During yoga or sports students have to be in the given track suit and t-shirts only, *dhoti kurta* for male and *salwar kurta* for female in special occasions, festivals, programmes and yajna will only be considered.
30. According to our Vedic culture male students have to wear *Yagyopaveet* and keep*Shikha* on the head as a religious symbol and should encourage others also for the same.

विद्यार्थियों की दिनचर्या/Daily Schedule of the Students

क्र.सं.	समय	गतिविधि	समयान्तराल
1.	प्रातः 04 बजे	प्रातः जागरण	–
2.	प्रातः 04 से 05 बजे	नित्यकर्म	01 घण्टा
3.	प्रातः 05 से 06:30 बजे	प्रयोगात्मक योग कक्षा	01:30 घण्टा
4.	प्रातः 06:30 से 07 बजे	हवन (यज्ञ)	30 मिनट
5.	प्रातः 07 से 08 बजे	स्वाध्याय	01 घण्टा
6.	प्रातः 08 से 09 बजे	प्रातराश	01 घण्टा
7.	प्रातः 09:15 से 10:15 बजे	व्याख्यान–01 / पुस्तकालय	01 घण्टा
8.	प्रातः 10 से 11 बजे	व्याख्यान–02 / पुस्तकालय	01 घण्टा
9.	प्रातः 10:45 से 11:45 बजे	व्याख्यान–03 / पुस्तकालय	01 घण्टा
10.	प्रातः 11:30 से 12:30 बजे	व्याख्यान–04 / पुस्तकालय	01 घण्टा
11.	मध्यान्ह 12:15 से 01:15 बजे	व्याख्यान–05 / पुस्तकालय	01 घण्टा
12.	मध्यान्ह 01 से 02 बजे	मध्यान्ह भोजन	01 घण्टा
13.	मध्यान्ह 02 से 03 बजे	व्याख्यान–06 / पुस्तकालय	01 घण्टा
14.	मध्यान्ह 02:45 से 03:45 बजे	व्याख्यान–07 / पुस्तकालय	01 घण्टा
15.	मध्यान्ह 03:30 से 04:30 बजे	व्याख्यान–08 / पुस्तकालय	01 घण्टा
16.	मध्यान्ह 04:30 से 05:30 बजे	विश्राम	01 घण्टा
17.	सायं 05:30 से 07 बजे	प्रयोगात्मक योग कक्षा	01:30 घण्टा
18.	सायं 07 से 07:30 बजे	विश्राम	30 मिनट
19.	सायं 07:30 से 08:30 बजे	रात्रि भोजन	01 घण्टा
20.	सायं 08:30 से 08:45 बजे	रात्रि कालीन मंत्रपाठ / छात्रावास उपस्थिति	15 मिनट
21.	सायं 08:45 से 10:15 बजे	स्वाध्याय	01:30 घण्टा
22.	रात्रि 10:15 बजे	शयन	

Sl.No.	Time	Activity	Duration
1.	04:00 AM	Wake up	-
2.	04:00 to 05:00 AM	Daily Routine/ Nitya Karma	01 Hour
3.	05:00 to 06:30 AM	Yoga Practical	01:30 Hours
4.	06:30 to 07:00 AM	Yajya / Hawan	30 Minutes
5.	07:00 to 08:00 AM	Self Study	01 Hour
6.	08:00 to 09:00 AM	Breakfast	01 Hour
7.	09:15 to 10:15 AM	TheoryLecture 1/ Library	01 Hour
8.	10:00 to 11:00 AM	Theory Lecture 2/ Library	01 Hour
9.	10:45 to 11:45 AM	Theory Lecture 3/ Library	01 Hour
10.	11:30 to 12:30 PM	Theory Lecture 4/ Library	01 Hour
11.	12:15 to 01:15 PM	Theory Lecture 5/ Library	01 Hour
12.	01:00 to 02:00 PM	Lunch	01 Hour
13.	02:00 to 03:00 PM	Theory Lecture 6/ Library	01 Hour
14.	02:45 to 03:45 PM	Theory Lecture 7/ Library	01 Hour
15.	03:30 to 04:30 PM	Theory Lecture 8/ Library	01 Hour
16.	04:30 to 05:30 PM	Rest	01 Hour
17.	05:30 to 07:00 PM	Yoga Practical	01:30 Hours
18.	07:00 to 07:30 PM	Rest	30 Minutes
19.	07:30 to 08:30 PM	Dinner	01 Hour
20.	08:30 to 08:45 PM	Ratri Kalin Mantra Path/ Hostel Attendance	15 Minutes
21.	08:45 to 10:15 PM	Self Study	01:30 Minutes
22.	10:15 PM	Good Night	

पर्व एवं पाठ्येतर गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की सूची

क्र. सं.	कार्यक्रम	तिथि
१.	जड़ी-बूटी दिवस	04.08.2021
२.	स्वतंत्रता दिवस	15.08.2021
३.	श्रावणी उपाकर्म यज्ञ	22.08.2021
४.	दीक्षारम्भ, यज्ञ	25.09.2021
५.	शारदीय नव-सस्येष्टी यज्ञ एवं विजयादशमी	15.10.2021
६.	दीपावली यज्ञ	04.11.2021
७.	पतंजलि स्थापना दिवस	05.01.2022
८.	गणतंत्र दिवस	26.01.2022
९.	वार्षिक क्रीड़ा-संगम	19.02.2022- 21.02.2022
१०.	वासंती/फाल्गुनी एवं होलिकोत्सव नव-सस्येष्टी यज्ञ	17.03.2022
११.	पतंजलि विश्वविद्यालय स्थापना दिवस	05.04.2022
१२.	राम नवमी/पूज्य स्वामी रामदेव संन्यास दीक्षा दिवस	10.04.2022
१३.	वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम	24.04.2022 – 25.04.2022
१४.	अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस	21.06.2022
१५.	गुरु-पूर्णिमा	13.07.2022

नोट : उपरोक्त सभी तिथियाँ सम्भावित हैं। विशेष परिस्थितियों में इनमें परिवर्तन संभव है।

List of Celebrations & Extra-Curricular Activities

S.No.	Event	Dates
1.	Jadi-Buti Diwas	04.08.2021
2.	Independence Day	15.08.2021
3.	Shravani Upakarm Yajya	22.08.2021
4.	Deeksharambha, Yajya	25.09.2021
5.	Shardiya Nav-Sashyeshti Yajya and Vijayadashami	15.10.2021
6.	Dipawali	04.11.2021
7.	Patanjali Sthapna Diwas	05.01.2022
8.	Republic Day	26.01.2022
9.	Annual Sports Meet	19.02.2022 - 21.02.2022
10.	Vaasanti/Falguni and Holikotsav Nav-Sashyeshti Yajya	17.03.2022
11.	Establishment Day of University of Patanjali	05.04.2022
12.	Ram Nawami/ Swami Ramdev Sanyas diwas	10.04.2022
13.	Annual Cultural Festival	24.04.2022 – 25.04.2022
14.	International Yoga Day	21.06.2022
15.	Guru-Purnima	13.07.2022

Note : All the dates are tentative and subjects to change if necessary.

रैगिंग क्या है?

छात्र-छात्राओं द्वारा कोई भी व्यवहार या कृत्य चाहे वह मौखिक, लिखित अथवा जिससे कि दूसरे व्यक्ति को परेशानी हो। छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार, शोर-गुल या अनुशासनहीनता की गतिविधियों में भाग लेना जिससे किसी को कोपन, कठिनाई, मानसिक क्षति या फिर भय अथवा उसका अंदेशा हो। किसी अन्य छात्र, कनिष्ठ छात्र से अथवा इनसे ऐसा कोई कार्य करने के लिए कहना, जो कि नही करना चाहे अथवा जिससे उसमें हीनता अथवा लज्जा का मान पैदा हो एवं उसके शारीरिक एवं मानसिक सन्तुलन पर विपरीत प्रभाव पड़े। यदि कोई भी कृत्य कनिष्ठ छात्रों की नियमित शिक्षण गतिविधि को विघ्न एवं अस्त-व्यस्त करता है, रैगिंग में शामिल है। इसके अतिरिक्त किसी कनिष्ठ छात्र की सेवाओं का शोषण करना जिससे कि उसकी नियमित शिक्षा बाधित हो। किसी से पैसे ठगना अथवा बलात् या जबरन आर्थिक व्यय का बोझ कनिष्ठ छात्र/छात्राओं पर डालना, कोई भी शारीरिक यातना अथवा यौन शौषण एवं इससे सम्बद्ध अन्य विकृत रूप जिससे कि विद्यार्थी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो अथवा कोई ऐसा कृत्य या अनुचित भाषा का प्रयोग, अणुवाक् (E-mail) पत्र प्रेषण अथवा अन्य किसी संचार माध्यमों द्वारा सार्वजनिक रूप से अपशब्द कहना, जिससे दूसरों को नीचा दिखाने व परेशान करने से आनन्द मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य जिससे कि कनिष्ठ छात्र के आत्मविश्वास अथवा मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता हो अथवा अपनी श्रेष्ठता का आभास दिखाने हेतु प्रदर्शन अथवा बल श्रेष्ठता का प्रदर्शन करना शामिल है।

रैगिंग के लिए दण्डनीय सामग्री :

1. रैगिंग के लिए उकसाना।
2. आपराधिक षड़यन्त्र करना।
3. रैगिंग करते समय अवांछित कृत्य के लिए एकत्रित होना।
4. सामाजिक शोरगुल करना।
5. सभ्य एवं नैतिक मूल्यों का हनन।
6. शरीर को चोट पहुंचाना अथवा घातक प्रहार करना।
7. किसी को गलत नियत से रोकना या बन्दी बनाना।
8. आपराधिक बल का प्रयोग।
9. आक्रामक प्रहार करना अथवा यौन व अप्राकृतिक कृत्य।
10. पैसे ठगना।
11. किसी स्थान पर आपराधिक रूप से प्रवेश करना।
12. सार्वजनिक सम्पत्ति को क्षति पहुंचाना।
13. आपराधिक कृत्यों के लिए उकसाना।
14. उपरोक्त दिये गये किसी भी अपराध को पीड़ित व्यक्ति पर करने की कोशिश करना।
15. शारीरिक एवं मानसिक तौर से अपमानित करना।
16. रैगिंग की परिभाषा में निहित उपरोक्त सभी कृत्य दण्डनीय होंगे।

विशेष: रैगिंग से प्रभावित छात्र-छात्राएं निम्नलिखित नम्बरों पर तुरन्त सूचना दें:

संकायाध्यक्ष	-	9897000998	**सहायक कुलानुशासक**	-	9897907777
पुरुष छात्रावास अधीक्षक	-	9313186405	**सहायक कुलानुशासिका**	-	9760028061
महिला छात्रावास अधीक्षिका	-	9760000163			

What is Ragging?

Any conduct whether by words spoken or written or by an act which has the effect of harassing, teasing, treating or handling with rudeness any other student, indulging in rowdy or undisciplined activities which causes or is likely to cause annoyance, hardship or psychological harm or to raise fear or apprehension thereof in a fresher or a junior student or asking the student to do any act or perform something which such student will not in the ordinary course and which has the effect of causing or generating a sense of shame or embarrassment so as to adversely affect the physique or psyche of a fresher or a junior student. The conduct includes but is not restricted to any act by a senior student that prevents, disrupts or disturbs the regular academic activity of any other student for completing the academic tasks assigned to an individual or a group of student; any act of financial extortion or forceful expenditure burden put on a fresher or any other students by student; any act of physical abuse including all variants of it : sexual abuse, homosexual assaults, stripping, forcing obscene and lewd acts, gestures, causing bodily harm or any other danger to health or person: any act or abuse by spoken words, emails, post, public insults which would also include deriving perverted pleasure, "vicarious or sadistic thrill from activity or passively participating in the discomfiture to fresher or any other students any act that affects the mental health and self-confidence of a fresher or any other student with or without an intent to derive a sadistic pleasure or showing off power, authority or superiority by a student over any fresher or any other student"

Punishable ingredients of Ragging:-

1. Abetment to ragging;
2. Criminal conspiracy;
3. Unlawful assembly and rioting while ragging;
4. Creation of Public nuisance;
5. Violation of decency and morals through ragging;
6. Injury to body, causing hurt or grievous hurt;
7. Wrongful restraint and confinement;
8. Use of criminal force;
9. Assaults as well as sexual offences or even unnatural offences;
10. Extortion;
11. Visiting a place with wrongful intent;
12. Offences against property;
13. Inciting others to commit crimes;
14. Attempts to commit any or all of the above mentioned offences against the victim(s)
15. Physical or psychological humiliation.
16. All other offences following from the definition of "Ragging"

Note : The students who are affected with Ragging, may inform officers on following numbers :

Dean Academics	**-**	**9897000998**	**Asst. Proctor for Male**	**-**	**9897907777**
Male Hostel Warden	**-**	**9313186405**	**Asst. Proctor for Female**	**-**	**9760028061**
Female Hostel Warden	**-**	**9760000163**			

पतंजलि विश्वविद्यालय के सहयोगी सेवा प्रकल्प

सहयोगी सेवा प्रकल्प

- पतंजलि योग समिति
- महिला पतंजलि योग समिति
- भारत स्वाभिमान
- हाम्रो स्वाभिमान
- युवा भारत
- पतंजलि किसान सेवा समिति
- दिव्य प्रकाशन

पतंजलि समूह के शैक्षणिक प्रकल्प

- वैदिक गुरुकुलम्
- वैदिक कन्या गुरुकुलम्
- आचार्यकुलम शिक्षण संस्थान
- बाल गुरुकुलम्
- पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज
- भारतीय शिक्षा बोर्ड

पतंजलि समूह के महत्त्वपूर्ण स्थल

- पतंजलि हर्बल गार्डन
- पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क
- योगग्राम एवं निरामयम
- ध्यान केन्द्र, गंगोत्री
- योग भवन

पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट एवं पतंजलि रिसर्च फाउन्डेशन

इन संस्थानों के माध्यम से विश्वस्तरीय अनुसंधान का कार्य पूर्ण प्रामाणिकता से किया जा रहा है। विश्व में पहली बार एनिमल ट्रायल से लेकर ह्यूमन ट्रायल तक एविडेंस बेस्ड मेडिसिन की ड्रग डिस्कवरी के प्रामाणिक कार्य का संपादन यहाँ से हो रहा है। इसमें 500 वैज्ञानिक, 1000 से अधिक डॉक्टर्स व स्कालर्स, सैकड़ों शिक्षाविद आचार्यों व विद्वान संन्यासी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। अब तक 100 से अधिक शोध पत्र पतंजलि की ओर से इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं।

दिव्य फार्मेसी एवं पतंजलि आयुर्वेद

आयुर्वेद चिकित्सा की बढ़ती लोकप्रियता में बहुत बड़ा योगदान पतंजलि समूह का रहा है। दिव्य फार्मेसी एवं पतंजलि आयुर्वेद में सुरक्षा परीक्षण व नैदानिक परीक्षण के पश्चात् आयुर्वेदिक औषधियों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण किया जाता है। यहाँ औषधि निर्माण हेतु आयुर्वेदिक ग्रंथों में वर्णित तकनीक के साथ-साथ नवीन अनुसंधान आधारित साक्ष्यों का उपयोग किया जाता है।

Associated Service Initiatives

- Patanjali Yoga Samiti
- Mahila Patanjali Yoga Samiti
- Bharat Swabhiman
- Hamro Swabhiman
- Yuva Bharat
- Patanjali Kisan Sewa Samiti
- Divya Prakashan

Educational Organization of Patanjali Group

- Vedic Gurukulam
- Vedic Kanya Gurukulam
- Acharyakulam School
- Bal Gurukulam
- Patanjali Ayurveda College
- Bhartiya Shiksha Board

Important Place of Patanjali Group

- Patanjali Herbal Garden
- Patanjali Food and Herbal Park
- Yog Gram and Niramyam
- Meditation Center, Gangotri
- Yog Bhawan

Patanjali Research Institute and Patanjali Research Foundation

These institutes have been carrying out research on global standards. Ayurveda Drug Discovery and their randomized controlled trials on animals and humans are ongoing first time in the world. 500 scientists, more than 1000 scholars, hundreds of educated ascetics are serving for the same. Patanjali has published over 100 research papers in international journals.

Divya Pharmacy and Patanjali Ayurved

Divya Pharmacy and Patanjali Ayurved have been a major contributors to the growing popularity of Ayurveda medicine. Quality testing of Ayurvedic medicines is done in the Divya Pharmacy and Patanjali Ayurveda after safety and diagnostic tests. These companies are using modern and classical Ayurveda based evidance to manufacture medicines.

छात्र-छात्राओं द्वारा स्थापित कीर्तिमान

विश्वविद्यालय के छात्र/छात्रओं द्वारा विभिन्न आयु-वर्ग एवं भार-वर्ग में अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों द्वारा सम्मान व पारितोषिक प्राप्त किये। अनेक विद्यार्थियों ने अन्तर्राष्ट्रीय कीर्तिमान भी स्थापित किये है

1.	आचार्य फूलचंद्र जी	-	गोमुखासन- 9 घण्टे 11 मिनट
2.	कुलदीप सैनी	-	समस्त दण्ड 6 घण्टे में 10832 आवृत्ति
3.	रवि व्योम शंकर झा	-	पद्म शीर्षासन 39 मिनट 30 सेकण्ड
4.	देवेन्द्र	-	सूर्य नमस्कार 8 घण्टे में 4042 आवृत्ति
5.	विभा रानी	-	सूर्य नमस्कार 1 घण्टे में 2100 आवृत्ति
6.	ऋचा	-	सूर्य नमस्कार 1 घण्टे में 477 आवृत्ति
7.	आदित्य सिंह	-	समस्त दण्ड 1 मिनट में 157 आवृत्ति
8.	मदन मोहन	-	वृक्षासन, 48 मिनट 30 सेकण्ड
9.	ओमिका निषाद	-	सूर्य नमस्कार 8 घण्टे में 3123 आवृत्ति
10.	हर्षम	-	समस्त दण्ड 1 मिनट में 73 आवृत्ति
11.	कुलदीप सैनी	-	समस्त दण्ड 1 घण्टे में 3147 आवृत्ति
12.	दिनेश कुमार	-	तीव्रतम 1000 अर्द्धदण्ड, 12 मिनट में
13.	मनीषा कुमावत	-	शीर्षासन, 51 मिनट
14.	जागृति	-	सूर्य नमस्कार 1 घण्टे में 487 आवृत्ति
15.	चंद्र मोहन नेगी	-	सूर्य नमस्कार 8 घण्टे में 4488 आवृत्ति
16.	गायत्री	-	शीर्षासन, 1 घण्टा 3 मिनट
17.	चंद्र मोहन नेगी	-	सूर्य नमस्कार 1 घण्टे में 559 आवृत्ति

गोल्डन बुक आफॅ वर्ल्ड रिकार्ड - २०२०

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2020 के शुभावसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार के छात्र–छात्राओं ने कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपना नाम स्वर्णाक्षरों में 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड' हेतु अंकित करा कर विश्वविद्यालय की कीर्ति को विश्व पटल पर स्थापित किया –

पुष्कर
बी.एस–सी.
(योग विज्ञान) अन्तिम वर्ष
वस्त्र धौति (40ft 10'')
01 मिनट, 11 सेकेण्ड

सर्वजीत सिंह
बी.ए. योग, अन्तिम वर्ष
पद्म मयूर आसन
02 मिनट 50 सेकेण्ड

रिद्धि महेश्वरी
बी.ए. योग अन्तिम वर्ष
सुप्त हनुमानासन
40 मिनट 43 सेकेण्ड

सोनित कुमार
बी.ए. योग अन्तिम वर्ष
सुप्त पद्मासन
01 घण्टा 15 मिनट

ओलम्पिया मुखर्जी
बी.ए. योग अन्तिम वर्ष
राजकपोतासन
02 घण्टे 30 सेकेण्ड

Science Block

Faculty of Oriental Studies

Auditorium

Amphitheatre

Research Hostel

Guest House

Canteen

Hostel

YAMA

NIYAMA

ASANA

PRANAYAMA

PRATYAHARA

DHARNA

DHYANA


SAMADHI



पतंजलि विश्वविद्यालय

UNIVERSITY OF PATANJALI

Delhi-Haridwar National Highway, Near Bahadrabad, Haridwar- 249405
Phone: 01334-273600 | Mobile : 9760095219, 9520984211, 9520984212
Email: admission@uop.edu.in | Web: www.universityofpatanjali.com